दिनांकः 10 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

दिनांक 07 फरवरी, 2025 से दिनांक 09 फरवरी, 2025 तक राजभवन प्रांगण में आयोजित 56वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2025 में नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा तीन वर्गो में प्रतिभाग किया गया। प्रदर्शनी में प्राणि उद्यान, लखनऊ को 1000 वर्ग मीटर से कम के उद्यान में नव निर्मित एंट्री प्लाजा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दर्शकों की सुविधा के लिए हाल ही में एन0टी0पी0सी0 द्वारा प्रदत्त सी0एस0आर0 फण्ड के सहयोग से तैयार किया गया एंट्री प्लाजा दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। एंट्री प्लाजा में दर्शकों के बैठने हेतु बैन्चेज की व्यवस्था, झरना एवं सेल्फी प्वाइंट दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

विशेष लैण्ड स्केप से विकसित 15000 से 20000 वर्ग मीटर के उद्यान में प्राणि उद्यान स्थित तितली पार्क को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

इसी क्रम में 2000 वर्ग मीटर से अधिक के ऐतिहासिक भवनों के उद्यानों की श्रेणी में प्राणि उद्यान स्थित नगीने वाली बारादरी के लॉन को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

दिनांक 09 फरवरी, 2025 को राजभवन प्रांगण में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2025 के समापन समारोह में प्राणि उद्यान, लखनऊ को दो वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा प्राणि उद्यान, लखनऊ की निदेशक श्रीमती अदिति शर्मा को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
प्राणि उद्यान, लखनऊ